**Patrika (Indore), 28th November 2025, Front Page-04 (P.12)**

सिटी बुक
CITY BOOK

पत्रिका
इंदौर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

### जेआइसी 2025 चॉइस-काउंट डेटा : आधुनिक के साथ पारंपरिक पाठ्यक्रमों में भी बढ़त, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग को इस साल 23,410 विकल्प मिले

# यूजी कोर्स में विकल्प बढ़े... आइआइटी इंदौर बनने लगा विद्यार्थियों की पसंद

**इंदौर @ पत्रिका.** आइआइटी इंदौर इस साल देशभर के विद्यार्थियों की पसंद में बड़ी छलांग लगाता दिखाई दे रहा है। 'जेआइसी 2025 चॉइस-काउंट डेटा' के मुताबिक करीब हर अंडर ग्रेजुएट कोर्स में विकल्प बढ़े हैं। विद्यार्थी आइआइटी इंदौर को भरोसेमंद, आधुनिक व बेहतर कॅरियर अवसर देने वाला मान रहे हैं। कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग को इस साल 23,410 विकल्प मिले, जो पिछले साल से 12.75% ज्यादा हैं। एआइ, साइबर सिक्योरिटी और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में बढ़ती नौकरियां इसकी वजह हैं। मैथमेटिक्स एंड कम्प्यूटिंग में 12.76% की बढ़त है। डेटा साइंस, फाइनेंशियल इंजीनियरिंग और एल्गोरिद्म आधारित कॅरियर युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को 18,757 विद्यार्थियों ने चुना, जो 11.47 फीसदी अधिक है। सेमीकंडक्टर और हार्डवेयर सिस्टम्स में बढ़ती मांग इसे लगातार लोकप्रिय बना रही है।

## कोर इंजीनियरिंग भी मजबूत

आइआइटी इंदौर सिर्फ आधुनिक टेक शाखाओं में ही नहीं, बल्कि पारंपरिक पाठ्यक्रमों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 16.426 विकल्प और सिविल इंजीनियरिंग में 13,124 विकल्प मिले हैं। इससे साफ है कि मैन्युफैक्चरिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबिलिटी में बढ़ते अवसर विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे हैं।

## नाम बदलते ही दिखा असर

पहले 'स्पेस साइंसेज एंड इंजीनियरिंग' कहलाने वाला कोर्स अब 'स्पेस साइंस एंड इंजीनियरिंग' नाम से पेश किया गया। नई पहचान के साथ इस कोर्स को 10,998 विकल्प मिले, जो पिछले साल से काफी ज्यादा हैं। विद्यार्थियों का रुझान अब तेजी से स्पेस टेक, सैटेलाइट सिस्टम और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की ओर बढ़ रहा है।

## नए कोर्स, शोध, लैब्स...इसलिए स्टूडेंट्स को आ रहा पसंद

- आधुनिक लैब्स और रिसर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर
- उभरती टेक्नोलॉजीज में मजबूत पकड़
- एआइ, क्वांटम, रोबोटिक्स, स्पेस टेक
- इंडस्ट्री-लिंक्ड प्रोजेक्ट्स और इंटरनेशनल एक्सपोजर
- बेहतर प्लेसमेंट रिकॉर्ड और उच्च वेतन पैकेज
- तेजी से बढ़ता कैंपस और नई शैक्षणिक पहल

## पाठ्यक्रमों में विकल्प की स्थिति

| पाठ्यक्रम | 2025 | 2023 | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| केमिकल इंजीनियरिंग | 12804 | 11885 | 7.732 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 13124 | 11839 | 10.85 |
| कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 23410 | 20763 | 12.74 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 18757 | 16827 | 11.46 |
| इंजीनियरिंग फिजिक्स | 9152 | 8256 | 10.85 |
| मैथमेटिक्स एंड कम्प्यूटिंग इंजीनियरिंग | 16529 | 14659 | 12.75 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 16426 | 15001 | 9.49 |
| मैटेलर्जिकल इंजीनियरिंग एंड मटेरियल साइंस | 9883 | 8995 | 9.87 |
| स्पेस साइंस एंड इंजीनियरिंग | 10998 | - | - |
| स्पेस साइंसेज एंड इंजीनियरिंग | 9664 | - | - |